# केंद्रीय विद्यालय गौचर

## कक्षा 11

## टर्म – I परीक्षा 2021-22

## विषय: हिंदी कोर (कोड 302)

समय 2 घंटे | पूर्णांक 40

- **इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं।**
- **कुल 40 प्रश्न हैं। सभी के उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **प्रत्येक सही उत्तर एक अंक का है।**

### खंड 'अ' अपठित अवबोधन

### अपठित गद्यांश

**नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर लिखिए -**

कुछ लोगों को अपने चारों ओर बुराइयाँ देखने की आदत होती है। उन्हें हर अधिकारी भ्रष्ट, हर नेता बिका हुआ और हर आदमी चोर दिखाई पड़ता है। लोगों की ऐसी मन:स्थिति बनाने में मीडिया का भी हाथ है। माना कि बुराइयों को उजागर करना मीडिया का दायित्व है पर उसे सनसनीखेज बनाकर चैनलों में बार-बार प्रसारित कर उनकी चाहे दर्शक-संख्या बढ़ती हो, पर आम आदमी इससे अधिक शंकालु हो जाता है और यह सामान्यीकरण कर डालता है कि सभी ऐसे हैं। आज भी सत्य और ईमानदारी का अस्तित्व है। ऐसे अधिकारी हैं जो अपने सिद्धांतों को रोजी-रोटी से बड़ा मानते हैं। ऐसे नेता भी हैं जो अपने हित की अपेक्षा जनहित को महत्व देते हैं। वे मीडिया-प्रचार के आकांक्षी नहीं है। उन्हें कोई इनाम या प्रशंसा के सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। क्योंकि उन्हें लगता है कि वह कोई विशेष बात पर नहीं कर रहे, बस कर्तव्य पालन कर रहे हैं। ऐसे कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों से समाज बहुत कुछ सीखता है। आज विश्व में भारतीय बेईमानी या भ्रष्टाचार के लिए कम, अपनी निष्ठा, लगन और बुद्धि-पराक्रम के लिए अधिक जाने जाते हैं। विश्व में अग्रणी माने जाने वाले देश का राष्ट्रपति बार बार कहते सुना जाता है कि हम भारतीयों जैसे क्यों नहीं बन सकते। और हम हैं कि अपने को ही कोसते रहते हैं अपने को ही कोसने पर तुले हुए हैं। यदि यह सच है कि नागरिकों के चरित्र से समाज और देश का चरित्र बनता है, तो क्यों न हम अपनी सोच को सकारात्मक और चरित्र को बेदाग बनाए रखने की आदत डालें।

प्रश्न 1. 'अधिकारी' में कौन सा उपसर्ग है?

क- अधि　　ख- अ　　ग- धि　　घ- अधिक

प्रश्न 2. 'नागरिक' में कौन सा प्रत्यय है?

क- इक　　ख- इ　　ग- क　　घ- ईय

प्रश्न 3. लेखक भारतीय नागरिकों से क्या अपेक्षा करता है?

क- वे अपनी सोच को नकारात्मक बनाएं　　ख- वे अपने चरित्र को उज्जवल बनाएं

ग- वे कायर बनें　　घ- वे निर्दयी बनें

प्रश्न 4. किसी संपन्न देश के राष्ट्रपति को अपने नागरिकों से भारतीयों जैसा बनने के लिए कहना क्या सिद्ध करता है?

क- भारतीय श्रेष्ठ एवं सकारात्मक चरित्र वाले होते हैं।　　ख- भारतीय वीर होते हैं।

ग- भारतीय गरीब होते हैं।　　घ- भारतीय कर्मठ होते हैं।

प्रश्न 5. आज दुनिया में भारतीय किन गुणों के लिए जाने जाते हैं ?

क- निष्ठा, लगन, बुद्धि और पराक्रम　　ख- छल, दंभ, द्वेष और प्रेम

ग- लगन, पराक्रम वीरता और घृणा　　घ- वीरता, प्रेम, ईर्ष्या और द्वेष

प्रश्न 6. लोगों की नकारात्मक मन:स्थिति के पीछे किसका हाथ है?

क- नेतागण का　　ख- मीडिया का　　ग- दूरदर्शन का　　घ- शिक्षा का

प्रश्न 7. सनसनीखेज खबरों का सामान्य नागरिक पर क्या प्रभाव पड़ता है?

क- वह जागरूक हो जाता है।　　ख- उसकी ज्ञान वृद्धि होती है।

ग- वह शंकालु हो जाता है।　　घ- वह अपराधी बन जाता है।

प्रश्न 8. आज आज विश्व में भारतीय किसके लिए अधिक जाने जाते हैं?

क- भ्रष्टाचार के लिए　　ख- बेईमानी के लिए

ग- बुद्धि और पराक्रम के लिए　　घ- अकर्मण्यता के लिए

प्रश्न 9. दर्शक-संख्या में कौन-सा समास है?

क - अपादान तत्पुरुष समास　　ख- करण तत्पुरुष समास

ग- संबंध तत्पुरुष समास　　घ- संप्रदान तत्पुरुष समास

प्रश्न 10. उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उचित शीर्षक है-

क- सकारात्मक सोच　　ख- नकारात्मक सोच

ग- श्रेष्ठ भारतीय　　घ- मीडिया और अपराध

## अपठित काव्यांश

**नीचे लिखे काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर लिखिए-**

लड़ने के लिए चाहिए
थोड़ी-सी सनक, थोड़ा-सा पागलपन
और एक आवाज को बुलंद करते हुए
मुफ्त में मर जाने का हुनर
बहुत समझदार और सुलझे हुए लोग
नहीं लड़ सकते कोई क्रांति
जब घर में लगी हो भीषण आग
आग की जद में हो बहनें और बेटियाँ
तो आग के सीने पर पाँव रखकर
बढ़कर आगे उन्हें बचा लेने के लिए
नहीं चाहिए कोई दर्शन या कोई महान विचार चाहिए तो बस
थोड़ी-सी सनक, थोड़ा-सा पागलपन
और एक खिलखिलाहट को बचाने के लिए झुलस जाने का हुनर

प्रश्न 11. लड़ने के लिए हमें क्या चाहिए?

क- थोड़ी-सी सनक　　ख- पागलपन　　ग- हिम्मत　　घ- ये सभी विकल्प

प्रश्न 12. सनक और पागलपन किस लिए होना चाहिए?

क- मेलजोल के लिए　　ख- लड़ने के लिए　　ग- साथ रहने के लिए　　घ- ये सभी विकल्प

प्रश्न 13. किस तरह के लोग लड़ नहीं सकते?

क- नासमझ　　ख- गवार　　ग- समझदार　　घ. क्रांतिकारी

प्रश्न 14. खिलखिलाहट को बचाने के लिए किस का हुनर होना चाहिए?

क- झुलस जाने का  ख- मिट जाने का  ग- खिसक जाने का  घ- ये सभी विकल्प

प्रश्न 15. दर्शन और महान विचार आवश्यक नहीं है-

क- लड़ने के लिए  ख- भाषण करने के लिए  ग- मुसीबत से बचाने के लिए  घ- कोई विकल्प नहीं

**खंड 'ब' कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन**

**नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर लिखिए-**

प्रश्न 16. हिंदी शब्दकोश में निम्नलिखित में से कौन से वर्ण से आरंभ होने वाले शब्द नहीं होते?

क- ण  ख - ज्ञ  ग- य  घ- अं

प्रश्न 17. कौन-सा मूल स्वर नहीं है?

क- ए  ख- अ  ग- उ  घ- इ

प्रश्न 18. कौन-सा शब्द हिंदी शब्दकोश में सबसे पहले आता है?

क- आंकड़ा  ख- आईना  ग- आँचल  घ- अंगूर

प्रश्न 19. इनमें कौन सा संयुक्त व्यंजन नहीं है?

क- क्ष  ख- ण  ग- त्र  घ-ज्ञ

प्रश्न 20. हिंदी शब्दकोश में कौन सा शब्द सबसे बाद में आएगा?

क- हिंदी  ख- अंग्रेजी  ग- रूद्र  घ- सुंदर

**खण्ड 'स' पाठ्यपुस्तक आरोह भाग 1**

**नीचे लिखे गए काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर लिखिए-**

आँखों ही में घूमा करता
वह उसकी आँखों का तारा ,
कारकुनों की लाठी से जो
गया जवानी ही में मारा
बिका दिया घर द्वार,
महाजन ने न ब्याज की कौड़ी छोड़ी,
रह-रह आंखों में चुभती वह
कुर्क हुई बरधों की जोड़ी !
उजरी उसके सिवा किसे कब
पास दुहाने आने देती?
आँखों ही में नाचा करती
उजड़ गई जो सुख की खेती !
बिना दवा दर्पन के घरनी
स्वर्ग चली, आंखें आती भर
देखरेख के बिना दुधमुँही
बिटिया दो दिन बाद गई मर!

प्रश्न 21. 'वे आंखें' कविता  किसके द्वारा रचित है?

क- रामनरेश त्रिपाठी    ख- भवानी प्रसाद मिश्र    ग- सुमित्रानंदन पंत    घ- शेखर जोशी

प्रश्न 22. किसान का बेटा किसकी लाठी से मारा गया?

क- गुंडों की    ख- पुलिस की    ग-  कारकुन की    घ-  पड़ोसियों की

प्रश्न 23. उजरी कौन थी?

क- किसान की बेटी    ख - किसान की गाय    ग- किसान की पत्नी    घ- किसान की पुत्रवधू

प्रश्न 24. किसान की पत्नी की मृत्यु कैसे हुई?

क- पुलिस की लाठियों से    ख- गुंडों की लाठियों से    ग- हार्ट अटैक से    घ-  बिना दवा के

प्रश्न 25. किस की जोड़ी नीलाम करा दी गई थी?

क- गायों की    ख- बैलों की    ग- घोड़ों की    घ-  गधों की

**नीचे लिखे अनुच्छेद को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर लिखिए-**

धन राम की मंदबुद्धि रही हो या मन में बैठा हुआ डर, कि पूरे दिन घोटा लगाने पर भी उसे तेरह  का पहाड़ा याद नहीं हो पाया था। छुट्टी के समय जब मास्टर साहब ने उससे दोबारा पहाड़ा सुनाने को कहा तो तीसरी सीढ़ी तक पहुंचते-पहुंचते वह फिर लड़खड़ा गया था। लेकिन इस बार मास्टर त्रिलोक सिंह ने उसके लाए हुए बेंत का उपयोग करने की बजाय जुबान की चाबुक लगा दी थी - 'तेरे दिमाग में तो लोहा भरा है रे! विद्या का ताप कहाँ लगेगा इसमें? अपने थैले से पाँच-छह दराँतिया निकालकर उन्होंने धनराम को धार लगा लाने के लिए पकड़ा दी थी ।  किताबों की विद्या का ताप लगाने की सामर्थ्य धनराम के पिता की नहीं थी। धनाराम हाथ-पैर चलाने लायक हुआ ही था कि बाप ने उसे धौंकनी फूँकने या सान लगाने के कामों में उलझाना शुरू कर दिया और फिर धीरे-धीरे हथौड़े से लेकर घन चलाने की विद्या सिखाने लगा। फर्क इतना ही था कि जहाँ मास्टर त्रिलोक सिंह उसे अपनी पसंद का बेंत चुनने की छूट दे देते थे, वहाँ गंगाराम इसका चुनाव स्वयं करते थे और जरा सी गलती होने पर छड़, बेंत या  जो भी हाथ लग जाता, उसी से अपना प्रसाद दे देते। एक दिन गंगाराम अचानक चल बसे तो धन राम ने सहज भाव से उनकी विरासत संभाल ली और पास पड़ोस के गांव वालों को याद नहीं रहा कि वह कब गंगाराम के आफर को धन राम का आफर कहने लगे थे। प्राइमरी स्कूल की सीमा लांघते ही मोहन ने छात्रवृत्ति प्राप्त कर त्रिलोक सिंह मास्टर की भविष्यवाणी को किसी हद तक सिद्ध कर दिया, तो साधारण हैसियत वाले यजमानों की पुरोहिताई करने वाले वंशीधर तिवारी का हौसला बढ़ गया और वे भी अपने पुत्र को पढ़ा लिखा कर बड़ा आदमी बनाने का स्वप्न देखने लगे। पीढ़ियों से चले आते पैतृक धंधे ने उन्हें निराश कर दिया था। दान-दक्षिणा के बूते पर वे किसी तरह परिवार का आधा पेट भर पाते थे। मोहन पढ़-लिखकर वंश का दारिद्र्य मिटा दें, यह उनकी हार्दिक इच्छा थी।

प्रश्न 26. धन राम के पिता का नाम था-

क- त्रिलोक सिंह    ख-  गंगाराम    ग- मोहन    घ- वंशीधर

प्रश्न 27. वंशीधर तिवारी क्या काम करते थे ?

क- नौकरी    ख- मजदूरी    ग- पुरोहिताई    घ-  इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 28. धन राम को कितने तक का पहाड़ा याद हो पाया था?

क- दस    ख- ग्यारह    ग- बारह    घ- तेरह

प्रश्न 29. ' तेरे दिमाग में तो लोहा भरा है रे!' किसका कथन है?

क- धन राम का    ख- गंगा राम का    ग- त्रिलोक सिंह का    घ- मोहन का

प्रश्न 30. 'मोहन पढ़ लिखकर वंश का दारिद्र्य मिटा दें' किस की हार्दिक इच्छा थी?

क- मोहन के पिता की    ख- धन राम की    ग- गंगाराम की    घ- त्रिलोक सिंह की

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर लिखिए -**

प्रश्न 31. "नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना, यह तो पीर का मजार है। निगाह चढ़ावे और चादर पर रखनी चाहिए।" यह कथन किसका है?

क- अलोपीदीन का    ख- वंशीधर के पिता का    ग- पुलिस का    घ- वकील का

प्रश्न 32. 'मियां नसीरुद्दीन' पाठ किस संग्रह से लिया गया है?

क- जिंदगीनामा    ख- दिलो दानिश    ग- हम हशमत    घ- सूरजमुखी

प्रश्न 33. मियां नसीरुद्दीन के वालिद साहब का नाम क्या था ?

क- मियां बरकत शाही    ख- मियां कल्लन    ग- मोइनुद्दीन    घ- मियां बब्बन

प्रश्न 34. पंडित अलोपीदीन किस का व्यापार किया करते थे?

क- चमड़े का    ख- नमक का    ग- कपड़े का    घ- चूड़ियों का

प्रश्न 35. मियां नसीरुद्दीन कितने प्रकार की रोटियां बनाना जानते थे?

क - 51 किस्म की    ख- 56 किस्म की    ग- 57 किस्म की    घ- 52 किस्म की

**खण्ड 'द' अनुपूरक पाठ्य पुस्तक वितान भाग 1**

**नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर लिखिए-**

प्रश्न 36. लता मंगेशकर के पिता का नाम है –

क- दीनानाथ मंगेशकर    ख- रामनाथ मंगेशकर    ग- प्राण नाथ मंगेशकर    घ- जगन्नाथ मंगेशकर

प्रश्न 37. 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ - लता मंगेशकर' पाठ के लेखक हैं -

क- कुमार विश्वास    ख- कुमार गंधर्व    ग- दीनानाथ मंगेशकर    घ- प्राणनाथ मंगेशकर

प्रश्न 38. लेखक ने लता की आवाज सबसे पहले कहाँ सुनी थी?

क- टेलीविजन पर    ख- मोबाइल पर    ग- रेडियो पर    घ-सिनेमा हॉल में

प्रश्न 39. चित्रपट संगीत में लता के पहले प्रसिद्ध गायिका कौन थी?

क- सपना चौधरी    ख- नूरजहां    ग- मुमताज    घ- श्रीदेवी

प्रश्न 40. लता के गाने की विशेषता है-

क- उसका गानपन    ख- स्वरों की निर्मलता    ग- नादमय उच्चार    घ- उपरोक्त सभी

कक्षा - 11 Term I 2021-22
SET- A (उत्तर माला)
हिंदी

| | |
|---|---|
| 1. क | 21. ग |
| 2. क | 22. ग |
| 3. ख | 23. ख |
| 4. क | 24. घ |
| 5. क | 25. ख |
| 6. ख | 26. ख |
| 7. ग | 27. ग |
| 8. ग | 28. ग |
| 9. ग | 29. ~~[illegible]~~ ग |
| 10. क | 30. क |
| 11. घ | 31. ख |
| 12. ख | 32. ग |
| 13. ग | 33. क |
| 14. क | 34. ख |
| 15. क | 35. ख |
| 16. क | 36. क |
| 17. क | 37. ख |
| 18. घ | 38. ग |
| 19. ख | 39. ख |
| 20. क | 40. घ |